तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025



18 मैनपुर क्षेत्र के दर्जनभर ग्रामो में आज भी मिट्टी के दीयों...



18 राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल का जोरदार स्वागत






धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
Hero Genuine Spare Parts
सादिक मोटर्स
हीरो पार्टस, डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत प्रतिनिधि
ओरिजनल स्पेयर पार्टस, स्टॉकिस्ट हीरो मोटर सायकल के अधिकृत स्पेयर पार्टस विक्रेता
पुनीत ढाबा के पास, बस स्टैण्ड नवापारा, मोहम्मद सादिक, मो.: 98261-74507, भूषण पटेल, मो.: 93405-54361


# ढोल-नगाड़े और मंजीरों की धुनि में होता है 'राम नाम' का सामूहिक भजन

**छह दशक से जारी है प्रभात भजन की अनूठी परंपरा**

गोरेलाल सिन्हा ▶▶| कोपरा

आंचल में सुख, शांति और एकता की भावना को जीवित रखने वाला गरियाबंद जिले का कोपरा गांव आज भी अपनी छह दशक पुरानी प्रभात भजन परंपरा से पूरे क्षेत्र को प्रेरित कर रहा है। हर सुबह सूर्योदय से पहले जब बाकी गांव नींद में होता है, तब हनुमान मंदिर परिसर में गूंज उठती है ढोल, नगाड़ों और मंजीरों की मधुर थाप, और शुरू होता है 'राम नाम' का सामूहिक भजन।

इस प्रभात भजन में गांव के लोग प्रातः 4 बजे एकत्र होकर रामचरितमानस का पाठ और राम नाम का जाप करते हैं। आज के व्यस्त जीवन में जब लोग धार्मिक आयोजनों से दूर होते जा रहे हैं, तब भी कोपरा के लोग इस परंपरा को पूरी निष्ठा और आस्था से निभा रहे हैं।

**आज़ादी के आंदोलन से जुड़ी परंपरा-** स्थानीय जानकार घुराऊ राम धीवर और परंपरा के प्रारंभकर्ता रामा राम ठेठवार के पौत्र चितरंजन यादव फिरंगी राम पटेल बताते हैं कि यह परंपरा सन् 1942 के असहयोग आंदोलन के दौर में शुरू हुई थी। महात्मा गांधी के "रघुपति राघव राजा राम" भजन से प्रेरणा लेकर रामा राम ठेठवार ने अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को संगठित करने के उद्देश्य से हनुमान मंदिर में प्रभात भजन और रामचरितमानस पाठ की शुरुआत की। तब से यह परंपरा निरंतर चल रही है।

### भक्ति और लोकसंस्कृति का संगम

-सुबह की ठंडी हवा में जब ढोल-नगाड़ों की थाप, मंजीरों की छन-छन और राम नाम की गूंज एक साथ मिलती है, तो पूरा



वातावरण भक्ति और उल्लास से भर उठता है। गांव के बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी इसमें शामिल होकर आस्था और अनुशासन की अनूठी मिसाल पेश करते हैं।

**पीढ़ी दर पीढ़ी निभाई जा रही परंपरा-** इस परंपरा की नींव रामा ठेठवार और उनके सहयोगी लूदु राम सिन्हा, तिलक राम सिन्हा, साधुराम सिन्हा, शिवलाल सिन्हा, मकसूदन साहू, रामजी साहू, फिरतु राम साहू, कलकत्ताहा ठाकुर, चिंता चौहान, सरजू चौहान, खेलूराम सेन, बनिया केवट, गंगू राम धीवर, एवं केजौउ राम चौहान ने मिलकर रखी थी। वर्तमान में सक्रिय रूप से प्रभात भजन में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं में चमन सोनी, हरिशंकर साहू, नंदू धीवर, रामकुमार सेन, दिलीप वर्मा, जीवन साहू, छबि लाल साहू, नारायण साहू, झगरू राम वर्मा, विजय साहू, रामस्वरूप साहू, सुधनू साहू, गोविंद साहू, किशन पटेल, टॉनिक साहू, कृष्णा पटेल, इतवारी निषाद, मनोहर मानिकपुरी, रामचरण सिन्हा, गोपाल साहू, भूपेन्द्र पटेल, कृष्ण कुमार यदु, टिभू साहू, शिव कुमार, तारक, प्रदीप चौहान, बुधारू साहू, भारत साहू सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं।

### अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन से शुरू हुई परंपरा

स्थानीय जानकार घुराऊ राम धीवर और भजन परंपरा के प्रारंभकर्ता रामा राम ठेठवार के पौत्र चितरंजन यादव बताते हैं कि इस परंपरा की नींव स्वतंत्रता संग्राम के दौरान रखी गई थी। सन् 1942 में, जब महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन का आह्वान किया, तब कोपरा के रामा ठेठवार ने गांव के लोगों को संगठित करने का एक अनूठा तरीका अपनाया।

# सूखा नदी में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

रविवार को नगर की सूखा नदी में कार्तिक स्नान करने गए एक 10 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। फिंगेश्वर पुलिस मामले की जांच एवं विवेचना कर रही है। इस घटना के चलते पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर फिंगेश्वर के टीकरापारा निवासी फागूलाल सोनकर का पुत्र, 10 वर्षीय साहिल सोनकर घटना की तारीख (19 सितंबर) को सुबह 5 बजे दोस्तों के साथ मॉर्निंग वॉक और कार्तिक स्नान के लिए सूखा नदी गया था। स्नान करते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। इस खबर की जानकारी मिलते ही साहिल के माता-पिता और परिजन नदी की ओर भागे। इसी दौरान फिंगेश्वर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँच गई। पुलिस ने डूबे हुए बच्चे को नदी से बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक अस्पताल फिंगेश्वर लेकर गई, जहाँ डॉक्टर ने जाँच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृत बालक साहिल कक्षा 4 में पढ़ता था। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। इस दुखद घटना से जहाँ परिजनों का बुरा हाल है, वहीं पूरे नगर में शोक की लहर है।

## गुंडरदेही में हाईमास्ट लाइट लगने से हर्ष



**फिंगेश्वर।** जंगल क्षेत्र में बसे ग्राम पंचायत गुंडरदेही में विधायक रोहित साहू के प्रयासों से हाईमास्ट लाइट मिलने पर पूरे गाँव में हर्ष की लहर है। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। हाईमास्ट लाइट से अब गुंडरदेही गाँव जगमगा रहा है। ग्राम गुंडरदेही के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही माँग अब पूरी हो गई है। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू जी के निरंतर प्रयासों से पंचायत परिसर में हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई है। इस लाइट की स्थापना से अब गाँव के सार्वजनिक स्थलों, कार्यक्रम स्थलों और मुख्य मार्गों पर रात में बेहतर रोशनी उपलब्ध हो रही है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जनसेवा भाव और विकास कार्यों से क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी कहा कि यह सुविधा गाँव में सुरक्षा और सुविधा दोनों को बढ़ाएगी। इस अवसर पर ग्राम के जनप्रतिनिध सरपंच जीतुज्योति बघेल, पंच अनीता साहू, पूर्व सरपंच कृषलाल साहू, रेखा बघेल, रोशन साहू, सेवती साहू, बसंत साहू, गगन बघेल, देवनाथ ध्रुव, फनेश साहू, गोलू साहू, रवि बघेल, डोमन ध्रुव सहित सभी ग्रामीण जन शामिल रहे।

**पर्व :** रेडीमेड कपड़ों की दुकानों, इंदिरा मार्केट, सदर बाजार, कुम्हारहटरी, सुभाष चौक और पंजवानी चौक तक हाउसफुल रहे

# धनतेरस के दूसरे दिन भी बाजार दमका लोगों ने जमकर की खरीददारी, रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

धनतेरस के दूसरे दिन भी नवापारा-राजिम के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली, जहाँ ग्राहकों की बेतहाशा भीड़ उमड़ी। बाज़ार की यह भीड़ किसी मेले से कम नहीं लग रही थी। राजिम शहर में पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से लेकर पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल से सटे रेडीमेड कपड़ों की दुकानों, इंदिरा मार्केट, सदर बाजार, कुम्हारहटरी, सुभाष चौक, माँ काली मंदिर-भामाशाह चौक, बस स्टैंड, नगर पालिका चौक, शहीद वीर नारायण सिंह चौक, शहीद हेमू कालानी चौक, कृषि उपज मंडी चौक से लेकर पूरा गंज मार्ग और पंजवानी चौक तक 'हाउसफुल' रहे।

गाड़ियों के आवागमन और दुकानों में खरीददारों की लंबी कतारों ने दीपावली बाज़ार को पूरी तरह से आबाद कर दिया। पिछले दो दिनों की भीड़ ने कारोबारियों की सारी कसर पूरी कर दी है। आज, सोमवार को लक्ष्मी पूजा दीपावली का पर्व है और तीसरे दिन भी भारी भीड़ रहने की उम्मीद है।

### हर तरफ रही भीड़, दुकान पर रौनक

बहरहाल, दीपावली तो दीपावली है। शहर के चप्पे-चप्पे में सजी हुई तरह-तरह की दुकानों में सुबह 10 बजे से लेकर देर रात तक भीड़ बनी रही।





### सोना-चांदी बाजार में पैर रखने की जगह नहीं

नवापारा के सराफा बाजार में आलम यह था कि ग्राहकों की इतनी भीड़ थी कि पैर रखने की भी जगह नहीं थी। फसल अभी कटी नहीं है, इसके बावजूद इतनी भीड़ और भारी खरीददारी ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया। यह वही नवापारा बाजार है जहाँ सप्ताह भर पहले एकदम सूनापन था और सामान सजाए व्यवसायी निराशा की स्थिति में थे। हालांकि, उन्हें यह मालूम था कि अब कोई भी त्यौहार हो, आखिरी तीन दिनों में ही सारी कसर पूरी हो जाती है, और दीपावली तो सबसे बड़ा पर्व है। व्यापारियों ने बताया कि तीजा और पोरा के समय भी आखिरी तीन दिन ही भीड़ लगती है, जब मायके आईं बहन-बेटियों की भीड़ ज्वेलरी शॉप पर दिखाई देती है। दीपावली एक ऐसा पर्व है कि हर कोई सोने, चांदी के जेवरात खरीदना चाहता है। दीपावली से सराफा बाजार चमक उठता है, और एक तरह से सोने-चांदी के व्यापार का 'सीज़न' लग जाता है। साल में तीन सीज़न - दीपावली, तीजा-पोरा और शादी-ब्याह - ऐसा होता है जब इतनी अधिक ग्राहकी होती है कि दुकानदार ग्राहकों को सोने के आभूषण और चाँदी के गहने ठीक से दिखा भी नहीं पाते।

### बाजार रहा आबाद, खरीददारों का उत्साह चरम पर

कहना न होगा, दूसरे दिन भी बाज़ार आबाद रहा। सुबह 10-11 बजे से लेकर देर शाम तक शहर का मेन मार्केट सदर बाजार और गंज मार्ग हाउसफुल था। लोगों की खरीददारी कपड़ों के अलावा माँ लक्ष्मी जी की पूजन सामग्री के लिए होती रही। सड़क किनारे लगे ढेर सारे दुकानों में आर्टिफिशियल फूल के माला और माँ लक्ष्मी जी के फोटो की खूब माँग रही। इसी तरह, रंगोली, पूजा सामान, बताशा, लायचीदाना, लाई, केला, सेव, सिंघाड़ा, शकरकंद, मिठाई सहित मिट्टी के दीये, ग्वालिन, करसा और पटाखा लेने के लिए भी लोगों की बेतहाशा भीड़ लगी हुई थी। मार्केट में आसपास के सैकड़ों गाँवों से लोग खरीददारी करने के लिए नवापारा और राजिम शहर पहुँचे हुए थे। भीड़ को देखकर ऐसा महसूस हो रहा था कि अब लोगों को केवल खरीददारी ही करनी है। दीपावली के इस पर्व का उल्लास सभी तरफ स्पष्ट नजर आ रहा है।

ज्वेलरी शॉप के अलावा कपड़ा मार्केट, इलेक्ट्रॉनिक आयटम, सौंदर्य प्रसाधन, मोबाइल शॉप और जनरल स्टोर्स (जहाँ माँ लक्ष्मी की फोटो, माला और पूजा के सारे सामान मिलते हैं) पर भारी भीड़ थी। इसके अलावा, कदम-कदम पर लायचीदाना, बताशा, लाई और माला की दुकानें ठेलों में सजी हुई थीं, जहाँ भीड़ लगी रही। सब्जी मार्केट का भी यही हाल रहा; सब्जी खरीदने वालों की भीड़ पूरा दिन लगी रही। दूसरी ओर, पटाखा दुकान, माँस, मछली, मटन और शराब दुकान में भी ऐसी भीड़ नजर आई जो किसी मेले से कम नहीं थी।

**पुल के पास फुटपाथ पर रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर उमड़ी भीड़-** कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि शहर के भीतर जितने भी कपड़े और रेडीमेड के दुकान हैं, उससे कई गुना अधिक भीड़ पं. जवाहरलाल नेहरू पुल के पास फुटपाथ में लगे रेडीमेड के ठेलों में देखी जा रही है। गाँव वालों की बेतहाशा भीड़ यहाँ रेडीमेड कपड़े खरीदने के लिए पहुँचती है। उन्हें पार्किंग के लिए भी आसानी होती है। वे सड़क किनारे दोपहिया वाहन खड़ी कर खरीदारी करने जुट जाते हैं और शहर के भीतर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। जितने भी ठेले यहाँ फुटपाथ में लगे हुए हैं, वे साल भर की बिक्री दो ही दिन में कर लेते हैं।




दीपावली की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

नवदीप जनकल्याण सेवा समिति
नगर विकास मंच राजिम

समिति द्वारा किये जाने वाले कार्य




- जनसेवा ही प्राथमिकता
- पर्यावरण संवर्धन - वृक्षारोपण
- महिला सशक्तिकरण गृह उद्योग को बढ़ावा
- प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा
- नशामुक्त समाज - नशाउन्मूलन
- संस्कार परम्परा का पुर्नजागरण
- स्वास्थ्य संवर्धन - योग आयुर्वेद
- राजिम नगर की चहुंमुखी विकास
- के लिए शासन से निरंतर प्रयास

एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण, राजिम

लक्ष्मी पूजा, दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

लालचंद-भागचंद
बंगानी परिवार
नवापारा, राजिम



लक्ष्मीपूजा-दीपावली
पर करें शुभ खरीदी की शुरूआत हमारे साथ

स्वर्ण निवेश का
सुनहरा अवसर

विश्वास की
वैभवशाली परंपरा

916 हॉलमार्क
ज्वेलरी उपलब्ध

शंकर ज्वेलर्स
सदर बाजार, नवापारा, राजिम
भाव एवं पारर्शिता का अटूट बंधन

सोने-चांदी के जेवरों का नवीनतम कलेक्शन हार, कंगन, झुमका, चैन, मंगलसूत्र, अंगूठियां, फैंसी पायल व बिछिया, ऐठी, लच्छा, साठी, मूर्तियां, शुद्ध चांदी के बर्तन

प्रो. शिव कुमार कंसारी
मो. 98266-41716

प्रो. शशांक कंसारी
मो. 97525-21213

किसान भाईयों - व्यापारियों एवं ईष्ट मित्रों को
लक्ष्मी पूजा-दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

दीपावली
की खरीदी के लिए
अवश्य पधारें।

BIS भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

विश्वास गुणवत्ता

रामस्वरूप सोनी राजिम वाले की सोना-चांदी दुकान



गौरव ज्वेलर्स
एवं
बर्तन दुकान

आकर्षक उपहार

गरियाबंद रोड राजिम
सोना-चांदी ज्वेलरों के निर्माता
विक्रेता एवं सुधारक



प्रो. यशवंत सोनी
मो. 98266-31456

नोटः हमारे यहां आर्डर पर जेवर तैयार किए जाते हैं।






























संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068













प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123







प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123

# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से पहले भाजपा नेता चमार सिंह पात्र नजरबंद, जिला संगठन में गुटबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि भाजपा के किसी प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने से एक भाजपा नेता को रोका गया। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय समेत कई दिग्गज नेताओं के सामने ज़िला संगठन की नियुक्ति में विसंगतियों को गिनाने की तैयारी थी। सम्मेलन शुरू होने से पहले ही देवभोग में भाजपा नेता पूर्व ज़िला मंत्री और माली समाज के सक्रिय नेता चमार सिंह पात्र को पुलिस द्वारा थाने में ले जाकर 'नज़रबंद' कर दिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही माली समाज ने विरोध किया, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

## माली समाज के कार्यकर्ताओं में आक्रोश के बाद छोड़ा गया

### नियुक्ति में अनियमितता का आरोप

आज प्रदेश स्तरीय 'आत्मनिर्भर भारत' का बिंद्रानवागढ़ विधानसभा स्तरीय आयोजन देवभोग में आयोजित किया गया था। आयोजन ढाई बजे शुरू हुआ, लेकिन इससे पहले भाजपा नेता चमार सिंह पात्र को नज़रबंद कराने की ज़रूरत पड़ गई। आयोजन शुरू होने से पहले यह चर्चा भाजपा मंच के ईद-गिर्द घूम रही थी कि आज चमार सिंह भाजपा ज़िला संगठन नियुक्ति में अनियमितता का गंभीर आरोप लगाने वाले थे।

### संगठन में हुई गड़बड़ी को नेताओं के सामने रखना चाहता था : चमार सिंह



नज़रबंद हुए भाजपा नेता चमार सिंह पात्र ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की मैंने क्या गुनाह किया, मेरा कसूर बस इतना है कि संगठन की नियुक्ति में हुई गड़बड़ी को मैं अपने ही नेता के सामने रखना चाहता हूँ। पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में स्थान न देना, फिर आवाज़ उठाने से पहले पुलिस कस्टडी में भेज देना कितना उचित है।

### कार्यकारिणी गठन के बाद गुटबाजी

भाजपा संगठन को काफी अनुशासित कहा जाता है, लेकिन पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि भाजपा गरियाबंद ज़िला कार्यकारिणी गठन के बाद संगठन में सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है। लगातार गुटबाज़ी की खबरें निकलकर सामने आ रही हैं। संगठन में जगह नहीं मिलने पर मैनपुर, देवभोग, अमलीपदर, गोहरापदर क्षेत्र में कार्यकर्ता पहले ही पार्टी के आला नेताओं के पास पहुँचकर शिकवा-शिकायत कर चुके हैं। कई बार कार्यकर्ताओं को मनाया भी जा चुका है, लेकिन इन दिनों ऐसा लग रहा है कि संगठन के भीतर सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है।

### समाज के विरोध के बाद रिहाई

आयोजन में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त चंदूलाल साहू समेत संगठन के कई बड़े नेता मौजूद थे। चमार सिंह इन्हीं की मौजूदगी में अपनी भड़ास निकालने वाले थे। पर कार्यक्रम शांति ढंग से सम्पन्न हो और कोई शिकवा-शिकायत न हो, इसके लिए आयोजन शुरू होने से पहले चमार सिंह को पुलिस ने थाने में बिठाकर नज़रबंद कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र के पंडरा माली समाज में आक्रोश फैल गया। हालांकि, समाज के हल्ला बोल के बाद चमार सिंह को छोड़ा गया और उन्हें मंच पर वापस आने दिया गया।

## खबर संक्षेप

### शहर के गौरा चौरा की कराई गई साफ-सफाई

**महासमुंद।** नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने वार्ड नंबर 14 के 2 स्थानों में ईशर-गौरा पूजन को लेकर साफ-सफाई कराई। तुमगांव रोड स्थित गौरा चबूतरा एवं पुराना रावणभाठा के पास गौरा चौक की साफ-सफाई कराई गई। इस दौरान आसपास की नालियों को भी सफाई कराई गई। गौरा चौक के आसपास के दुकानदारों से कहा गया कि गौरा चबूतरा की पवित्रता को बनाए रखें। गंदगी ना करें, कचरे को डस्टबिन में संग्रहण करें। नागरिकों ने यह भी शिकायत की कुछ लोग पीपल पेड़ में बाथरूम करते है। ऐसे लोगों को सख्त चेतावनी दी गई कि इस प्रकार की हरकतों से बाज आए। जानकारी होने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी, क्योंकि पीपल पेड़ में भगवान का वास होता है।

### निधन

### चंद्रशेखर सोनी

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 18 कुर्मी पारा निवासी अधिवक्ता एवं विशेष लोक अभियोजक चंद्रशेखर सोनी का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे।



**शुरुआत:** विधायक ने खटखटी को दी विकास की सौगात, 10 लाख की सीसी रोड का भूमिपूजन

# विधायक ने खटखटी में 10 लाख के विकास कार्य का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



बसना। विकास की राह पर एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने ग्राम खटखटी में 280 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि अनुमानित 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली यह सड़क ग्रामवासियों के लिए वर्षों पुरानी मांग की पूर्ति है, जो उनके जीवन को सुगम और सुलभ बनाएगी।

कार्यक्रम के शुभारंभ में विधायक डॉ. अग्रवाल ने वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। नारियल फोड़कर और कुदाल चलाकर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज खटखटी ग्राम में इस बहुप्रतीक्षित सीसी रोड का भूमि पूजन करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र की प्रगति का प्रतीक है। 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली यह सड़क आपके जीवन की एक बड़ी समस्या का समाधान करेगी। इससे आवागमन सुगम होगा, समय की बचत होगी,व्यापारियों को राहत मिलेगी और कीचड़ व धूल की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। विधायक ने कहा कि मेरा यह दृढ़ संकल्प है कि बसना विधानसभा का कोई भी गाँव, कोई भी टोला विकास की दौड़ में पीछे न छूटे। हम निरंतर प्रयासरत हैं कि सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएँ हर घर तक पहुंचे। यह कार्य उसी संकल्प की एक कड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि आने वाले समय में खटखटी सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में और भी बड़े विकास कार्यों को मंजूरी दिलाई जाएगी। हमने जो वादे किए हैं, उन्हें पूरी निष्ठा के साथ निभाना हमारा धर्म है। साथ ही कहा कि बसना को एक आदर्श और विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाना मेरा लक्ष्य है। आप सभी का सहयोग और विश्वास मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। आपके आशीर्वाद से यह विकास यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

विधायक के प्रेरणादायक शब्दों ने उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा का संचार किया। ग्रामवासियों ने इस सौगात के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी डॉ. अग्रवाल के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बसना विधानसभा क्षेत्र विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है।

यह कार्यक्रम न केवल एक सड़क निर्माण का शुभारंभ था, बल्कि क्षेत्र में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनता के प्रति समर्पण का जीवंत प्रमाण भी था। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, जनपद पंचायत बसना उपाध्यक्ष मोहित पटेल, ग्राम पंचायत खटखटी सरपंच राहुल नंद, उपसरपंच ममता सुरेंद्र भोई, ब्रजराज पुरोहित, दुर्गाचरण भोई, पूर्णचंद्र पुरोहित, अनादि कुमार, खिरोद पुरोहित, अमरेश पुरोहित, टंकधार बहीदार, सुरेंद्र पुरोहित, लालबिहारी पटनायक, कोटवार सुमित भोई, भुवन पटनायक, प्रफुल्ल पटनायक, विजय भोई, भरत भोई, राधेश्याम बुडेक, अलेख विशाल, श्यामसुंदर सेठ, शिव कंवर, नित्यानंद दीप, सुशील, बंसीधर भोई, भक्तचरण भोई, सुकदेव दीप, घासीराम, माधव भोई, केशव भोई, महिला स्वसहायता समूह के समस्त महिलाएं और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बैगलेस डे पर छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक सुआ नृत्य में लिया हिस्सा

### अछरीडीह में बैगलेस डे गतिविधि के अन्तर्गत सुवा नृत्य का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह में बैगलेस डे गतिविधि के अंतर्गत दीपावली पर्व को लेकर सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ सरस्वती वंदन गीत में छात्राओं ने विभिन्न पोशाकों में तैयार होकर छतीसगढ़ी सांस्कृतिक सुवा नृत्य किया। प्रधान पाठक ईश्वर साहू ने बताया कि प्रत्येक शनिवार शाला में बैगलेस डे दिवस का आयोजन किया जाता है तथा प्रत्येक शनिवार मुस्कान पुस्तकालय, विभिन्न खेलकूद, गीत कविता, स्वच्छता, योगाभ्यास आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश जांगड़े ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। मंच संचालन शिक्षक चंद्रहास साहू ने किया। शिक्षक खिलेश सोनबेर व राजेंद्र हनुमंता ने दीपावली पर्व के बारे में जानकारी दी। सावधानीपूर्वक त्योहार मनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश जांगड़े, प्रधान पाठक ईश्वर साहू, शिक्षक खिलेश सोनबेर, चंद्रहास साहू, राजेंद्र हनुमंता, उषा पुरेना, कुमारी बाई पुरेना, टामिन बाई पुरेना सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# खरोरा के शहीद स्मारक में दीप जलाकर अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में धनतेरस के पावन पर्व पर भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर उनसे आरोग्य तथा सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर अमर वीर शहीदों के नाम पर 13 दीये प्रज्ज्वलित किए गए। प्रत्येक घरों में जल रहे दीये की रोशनी से पूरा घर जगमगा उठा। पायल चंद्राकर ने बताया कि धनतेरस पर्व सभी के जीवन में उल्लास लेकर आता है। आरोग्य देने वाले आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना करने से अलौकिक शांति का अनुभव हो रहा है। परिवार के सभी सदस्यों ने आरती उतारी तथा भगवान धन्वंतरि की जय-जयकार की।

# लोहारडीह में संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रजत जयंती वर्ष 2025 के अंतर्गत समग्र शिक्षा के दिशा-निर्देशानुसार 18 अक्टूबर 2025 को विकासखंड स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा कार्यालय महासमुंद के आदेशानुसार संकुल स्त्रोत केंद्र लोहारडीह में संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य हर्षिता चंद्राकर ने की। जबकि, आयोजन का नेतृत्व संकुल समन्वयक गणेश टंडन के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। पश्चात क्विज प्रतियोगिता का संचालन डोमन लाल साहू शिक्षक द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में देवराज सेन (व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल लोहारडीह), कुलदीप सिंह (शिक्षक गणित), सोमेश्वर पटेल (शिक्षक) तथा दीपक कुमार मिश्रा ( शाप्राशा बनसिवनी) सम्मिलित रहे। संकुल क्षेत्र के समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूलों के विद्यार्थियों ने विद्यालय स्तर पर चयनित होकर इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें मुकुंद यादव, खुशी परसापानी, सीताराम पटेल, लीलेश मन्नाडे (उलटकोडार), हिमांशु, अमृता ध्रुव (घोंघीबाहरा),




इंद्रेश ध्रुव, आयुष ध्रुव (पेंड्राडीह), दिनेश, सागर (बनसिवनी), आवर्ती एवं यामनी (लोहारडीह) सहित अनेक विद्यार्थी शामिल थे। पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल वर्ग से धनेश्वरी, शैली, प्रियंका मन्नाडे एवं खेमिन ध्रुव चयनित होकर सम्मिलित हुए। प्रश्नोत्तरी में गणित एवं विज्ञान विषय से संबंधित विविध आयामों पर प्रश्न पूछे गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में प्राथमिक स्तर पर गणित विषय में आयुष ध्रुव (पेंड्राडीह) एवं विज्ञान विषय में अमृता खड़िया (घोंघीबाहरा) प्रथम स्थान पर रहे। हाईस्कूल स्तर पर गणित में खेमिन ध्रुव तथा विज्ञान में प्रियंका मन्नाडे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रधान पाठक रोमन चंद्राकर, पूरन कुमार साहू, मुकेश कुमार साहू, उत्तम वर्मा, तरुण कुमार मरई, गजेंद्र टंडन तथा देवेंद्र चंद्राकर सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुशासनपूर्ण वातावरण में हुआ। जानकारी संकुल समन्वयक गणेश टंडन ने दी है।

# फणिकेश्वर नाथ कॉलेज में विश्व खाद्य दिवस पर विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर




विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में संस्था प्रमुख डॉ.सविता मिश्रा के निर्देशन में वनस्पति विभाग,रसायन शास्त्र विभाग एवं प्राणीशास्त्र विभाग के सामूहिक तत्वाधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों में पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ वनस्पति विभाग की प्रमुख डॉ. अलका कौशिक के द्वारा उद्घाटन भाषण से किया गया जिसमें उन्होंने इस वर्ष की थीम ''हैंड इन हैंड फोर बेटर फूड्स एंड बेटर फ्यूचर'' को समझते हुए पौष्टिक आहार की थाली में आने वाले स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों के बारे में विस्तार से बताया। सूश्री उर्वशी चंद्राकर (सहायक प्राध्यापक प्राणिशास्त्र) के द्वारा विद्यार्थियों को बैलेंस डाइट की कमी से होने वाले रोग के बारे में विस्तार से बताया रसायन शास्त्र विभाग के सहा. प्राध्यापक श्री सतप्रीत सिंह गुरुदत्ता के द्वारा विभिन्न फलों और सब्जियों में उपस्थित रसायनों के बारे में अवगत कराया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा "पौष्टिक आहार की थाली की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई,जिसमें संतुलित आहार के सभी तत्वों और घटकों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया।

**छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लिया भाग-** साथ ही "फलों में पाए जाने वाले रसायन एवं उनके प्रभाव" तथा एक प्लेट संतुलित आहार विषय पर चार्ट निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने रचनात्मक तरीके से फलों में उपस्थित रसायनों एवं उसके प्रभाव को दर्शाया। इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं का निर्णय महाविद्यालय के अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक कमलेश्वर प्रसाद निषाद, राजनीतिक विज्ञान के सहा. प्राध्यापक तीरथ राम कपूर, तथा भौतिकी के सहा. प्राध्यापक रितेश गोलछा के द्वारा किया गया। पौष्टिक आहार की थाली के प्रदर्शन में साक्षी प्रथम, चिंकू द्वितीय, एवं देवव्रत तृतीय स्थान पर रहे। चार्ट प्रतियोगिता में विभा प्रथम, देवव्रत द्वितीय एवं इंदु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री देवदास बंजारे ने विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया और प्राकृतिक खाद्य पदार्थों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण देवश्री कुर्रे, देवेंद्र कुमार, मोहन सिंह, भूलेश्वरी साहू, हर्ष कांकरिया, दविंदर कौर, ममता देवांगन एवं भावना मनहरे उपस्थित थे।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा ने सभी प्राध्यापकगणों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। उपर्युक्त कार्यक्रम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्यप्रद भोजन के प्रति रुचि एवं रसायनों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई और साथ ही विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल को बढ़ावा मिला।

# पैरी नगर के मां कर्मा राइस मिल में भीषण आग, धान से भरा ट्रक जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

स्थानीय पैरी नगर स्थित मां कर्मा राइस मिल में शनिवार देर रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। मिल परिसर में खड़ी एक ट्रक देखते ही देखते आग की चपेट में आ गई। ट्रक में लोड लगभग 200 कट्टा धान आग में जलकर पूरी तरह खाक हो गया। गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से आग को समय रहते काबू में कर लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, यह घटना शनिवार देर रात करीब 2 बजे की है। राइस मिल परिसर में धान से भरी ट्रक खड़ी थी, तभी अचानक ट्रक के पिछले हिस्से में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में ट्रक पूरी तरह लपटों में घिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। तत्परता और फायर विभाग की तेज प्रतिक्रिया से राहत दल मौके पर पहुंचा। आग पर काबू पाने के लिए कई टैंकरों से पानी का छिड़काव किया गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। फायर ब्रिगेड की इस कार्रवाई से मिल का गोदाम और बाकी धान सुरक्षित बचा लिया। मिल संचालक विकास साहू के अनुसार, ट्रक में करीब 200 कट्टा धान लोड था, जो पूरी तरह राख में तब्दील हो गया। ट्रक का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन पुलिस ने आगजनी की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो पूरा गोदाम जलकर राख हो सकता था। फिलहाल पुलिस शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों की जांच में जुटी है। प्रशासन ने भी नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# लक्ष्मीपूजा-दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

## नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का

HALLMARKED GOLD BIS CERTIFIED JEWELLERS BIS

**सोना का भाव, मजदुरी और टैक्स, सब मिलाकर सबसे कम है।**

नवकार ज्वेलर्स का वादा:-

हम आपको
सोने का भाव + मजदुरी + टैक्स,
सब मिलाकर सबसे कम
और सही दाम पर सोना देते है।

नवकार ज्वेलर्स

| | | |
|---|---|---|
| शांति विजय एंम्पोरियम के नीचे, सुंदरलाल शर्मा चौक, राजिम मो.- 6269801000 | पुराना जिला सहाकारी बैंक के पास, गंज रोड, नवापारा, राजिम मो.- 6269702000 | नत्थानी बिल्डिंग, बुढा तालाब ढलान, पुराना रामकृष्ण हॉस्पिटल के सामने, रायपुर मो.-6269703000 |

इसके अलावा हमारी कोइ अन्य संस्था नही है!

## नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का

HALLMARKED GOLD BIS CERTIFIED JEWELLERS BIS

हमारे यहाँ 100% हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध हैं-
वो भी होलसेल रेट पर,
हम केवल BIS HALLMARK वाले गहने जैसे कि
**22K (916) एवं 20K (833)**
मार्क वाला गहने की ही बिकि करते है।
सोने कि शुद्धता कि जॉच के लिए हमारे पास
जापानी तकनीक वाला गोल्ड टेस्टिंग मशीन
भी उपलब्ध है!
जिससे हमारे और अन्य किसी के भी सोने कि
शुद्धता कि प्रत्यक्ष रुप से जॉच कर सकते है

हमारी होलसेल संस्था भी है !


नवकार ज्वेलर्स

| | | |
|---|---|---|
| शांति विजय एंम्पोरियम के नीचे, सुंदरलाल शर्मा चौक, राजिम मो.- 6269801000 | पुराना जिला सहाकारी बैंक के पास, गंज रोड, नवापारा, राजिम मो.- 6269702000 | नत्थानी बिल्डिंग, बुढा तालाब ढलान, पुराना रामकृष्ण हॉस्पिटल के सामने, रायपुर मो.-6269703000 |

## लक्ष्मीपूजा-दीपावली के शुभअवसर पर खरीदे

100% BIS Licensed Hallmark Jewellery

# जय छत्तीसगढ़ ज्वेलर्स



तो आईये, बढ़ाएं एक कदम, शुद्धता की ओर



सोने एवं चांदी के आभूषणों की
संपूर्ण श्रृंखला
न्यूनतम मेकिंग चार्जस एवं
बेस्ट गोल्ड प्राईज गारंटीड के साथ

सौदा करें शुद्धता, विश्वास
एवं सही कीमत का
सिर्फ और सिर्फ हमारे साथ

पुराना नगरपालिका के बाजू,
सदर रोड, नवापारा,
मो. 9584643678

## लक्ष्मीपूजा-दीपावली के शुभअवसर पर खरीदे

आर्टिफिशियल एवं डिजाइनर ज्वेलरी
की संपूर्ण रेंज उपलब्ध



# कृति बेन्टेक्स ज्वेलरी

आर्टिफिशियल एवं फैशन ज्वेलरी का शो-रूम



दिखने में सोने से कम नही
और खो जाये तो कोई गम नही

गोल्ड कवरिंग
ज्वेलरी पर
वापसी की गारंटी

कृपया एक बार पधारकर
सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें।

सदर रोड, जैन भवन के पास, नवापारा (राजिम), मो. 9584643678

प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123

## खबर संक्षेप



### युवा भाजपा नेता किशोर ने सीएम साय से की सौजन्य मुलाकात

नवापारा-राजिम। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने शनिवार रात सीएम हाउस रायपुर में सीएम विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मुलाकात के दौरान किशोर ने सीएम साय से कहा कि सीएम साय, अपने नाम विष्णु भगवान श्री हरि का नाम के अनुरूप व्यवहार करते हुए प्रदेशवासियों का लगातार कल्याण कर रहे हैं। उनके शासनकाल में छत्तीसगढ़ की जनता को मिल रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के चलते प्रदेश का हर वर्ग का नागरिक आज खुशहाल है और लोग, प्रदेश में रामराज का अनुभव कर रहे हैं। किशोर ने कहा कि प्रदेश की जनता को उनके रूप में एक ऐसा सीएम मिला है, जो बोलने की जगह काम करके दिखाने में विश्वास करते है और सादगी से परिपूर्ण है, जिसके चलते प्रदेश की जनता उनसे अपना जुड़ाव महसूस करती है। किशोर ने सीएम साय को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि श्री साय छत्तीसगढ़ के सीएम के रूप में सबसे लंबी पारी खेलने का रिकॉर्ड बनाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को /"विकसित छत्तीसगढ़/" बनाने में नायक की भूमिका निभाएं।

### रंगोली से सजे घर दीपावली की धूम



मैनपुर। मैनपुर क्षेत्र में दीपावली का पर्व परम्परानुसार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दीपावली पर्व के चलते इन दिनों घरों के सामने आकर्षक रंगोली सजाई जा रही है। शाम होते ही घरों के सामने रंगोली सजाते हुए लोग दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में, मैनपुर की शिक्षिका सरोज सेन भी अपने घर के सामने रंगोली सजाते हुए दिखाई दीं।

## निधन

### परसराम साहू



राजिम। नगर साहू संघ राजिम के परसराम साहू उम्र 85 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्वर्ण तीर्थ घाट मुक्तिधाम में हुआ। मुखाग्नि उनके बड़े सुपुत्र मनोज साहू ने दी। स्व परसराम साहू, साहू समाज राजिम एवं भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू के बड़े पिताजी थे। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठजन, समाजजन, परिजन एवं नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।




पर्व : अड़गड़ी, रक्सापथरा, कुसियारबरसा, मोंगराडीह में भी लोग मिट्टी के बने दीयों से ही दीपावली का पर्व मना रहे

# मैनपुर क्षेत्र के दर्जनभर ग्रामो में आज भी मिट्टी के दीयों से मनाई जाती है दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

आधुनिकता के इस दौर में, जहां बड़े शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक इलेक्ट्रॉनिक झालरों और सजावट की वस्तुओं का बोलबाला है, वहीं मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के कई ऐसे गाँव हैं जहाँ आज भी पूरी तरह से परंपरागत तरीके से मिट्टी के दीये जलाकर दीपावली का पर्व मनाया जाता है। घरों के सामने कलश भी जलाए जाते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और देश में जहाँ एक ओर इलेक्ट्रानिक सामग्री का उपयोग होता है, वहीं मैनपुर क्षेत्र के दर्जनों गाँव आज भी सिर्फ मिट्टी के दीये जलाकर दीपावली का पर्व परम्परानुसार मनाते हैं।

वे गांव जहां परंपरा जीवंत है मैनपुर से महज़ 20 किलोमीटर दूर डुमरघाट, महुआनाला, रक्शापथरा, शुक्लाभाठा, पायलीखंण्ड ऐसे गांव हैं, जहां लोग आधुनिकता से दूर रहकर परम्परानुसार मिट्टी के दीये जलाकर दीपावली का पर्व मनाते हैं। इन ग्रामों में आज तक बिजली की रोशनी भी नहीं पहुंची है।



#### मिट्टी के दीए का विशेष महत्व

हालाँकि, बड़े शहरों हों या गाँव, आज भी मिट्टी के दीए जलाकर दीपावली पर्व मनाया जाता है, जिसका एक विशेष महत्व है। लेकिन, शहरों और गाँवों में भी लोग आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक झालर और बल्ब लगाकर सजावट करते हैं। ऐसे में कुछ ऐसे गांव हैं जहाँ सिर्फ मिट्टी के दीये से दीपावली पर्व मनाया जाता है, जो अपने आप में एक मिसाल है।

**ग्रामीणों की मान्यता और विचार-** इस संबंध में ग्रामीण जयराम नेताम, मोतीराम नेताम, श्रीराम नेताम, पंचमराम नेताम, ठाकुर राम, राजाराम, सखाराम, अमरूराम, अशोक कुमार पटेल, बिसाहिन जगत, जानकी बाई, तिजन बाई, निशादेवी पटेल, चैतीबाई सोरी, किट्टूराम मरकाम, दयाराम मरकाम, छोटेलाल, लखनलाल, जेठूराम एवं देशीराम ने बताया कि दीपावली पर्व पर कुम्हारों के द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीयों से घर के चारों तरफ रोशनी की जाती है।

इसके पीछे ग्रामीणों की यह मान्यता भी है कि बारिश के दिनों में निकलने वाले कीड़े-मकौड़े इन दीयों में जलकर नष्ट हो जाते हैं। यहाँ के ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने कभी भी घरों में बिजली के झालर नहीं लगाए हैं और मिट्टी के बने दीये जलाकर ही त्यौहार मना रहे हैं। ग्रामीण पटाखे भी कम फोड़ते हैं, केवल छोटे-छोटे बच्चे अपनी खुशी के लिए पटाखे जलाते हैं। इसी तरह, इस क्षेत्र के अड़गड़ी, रक्सापथरा, कुसियारबरसा, मोंगराडीह में भी लोग मिट्टी के बने दीयों से ही दीपावली का पर्व मना रहे हैं।

### दीपावली की रौनक, गौरा-गौरी में फूल चढ़ाने से शुरू होता है उत्सव

रसेला। दीपावली का त्योहार उतरी गोलार्ध की शरद ऋतु में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक पौराणिक उत्सव है। यह कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है और भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। आध्यात्मिक रूप से यह /" अन्धकार /" पर प्रकाश की विजय को दर्शाता है। रसेला सहित क्षेत्र में दीपावली पर्व धनतेरस के दिन से गौरा गौरी की पूजा विधिवत गांव के बैगा द्वारा फूल चढ़ाने की परंपरा से शुरुआत की जाती है। आज यानी सोमवार को तालाब से मिट्टी लेने के लिए बाजे गाजे के साथ मिट्टी लेकर आएंगे। और गौरा गौरी की मूर्ति बनाई जाएगी। आज शाम को दीपावली की रात लक्ष्मी पूजा के बाद गौरा गौरी की मूर्ति के साथ कलश कुंवारी लड़कियां सिर पर कलश सहित रखकर गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए गौरा चौरा में स्थापित किया जाएगा। गौरा की ओर से ग्रामीण गौरी के घर बारात लेकर आते हैं, वहीं गौरी के तरफ से ग्रामीण बारात का स्वागत करते हैं जिसके बाद शादी की पूरी रस्में इसी रात में पूरी की जाती है। ग्राम रसेला में 22 अक्टूबर दिन बुधवार को गोवर्धन पूजा के दिन सुबह विधि विधान के साथ गौरा गौरी को तालाब में विसर्जित किया जाएगा। हाथों में सोटा खाने की मान्यता। :- गांव के बैगा भागवत कोमर्रा व तामेश्वर मरकाम ने बताया कि गौरा गौरी पूजा के अवसर पर अपने हाथों पर सोटा खाने की मान्यता है। ऐसी मान्यता है कि सोंटा से मार खाने के बाद सभी तरह के दुख और परेशानियां दूर हो जाती है। 22 अक्टूबर को अन्नकूट और गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। अन्नकूट का अर्थ है ' अन्न का मिश्रण , जिसमें विभिन्न प्रकार के पकवान, जैसे सब्जियां, हलवा,पुडी, बड़ा आदि शामिल होते हैं, जिन्हें भगवान को भोग के रूप में अर्पित किया जाता है। इस दिन सभी के घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाते हैं और पूजा अर्चना कर गाय माता को खिचड़ी खिलाकर सोहाई बांधते हैं। तत्पश्चात ग्राम के सभी देवी देवताओं को सह सम्मान साहाड चौक में लाकर गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। पूजा अर्चना के पश्चात वहां पर उपस्थित लोगों ने गोबर से एक दूसरे को टीका लगाकर सम्मान करते हैं।




## प्रदेश में मंगलवार को भी महालक्ष्मी पूजन श्रेयस्कर: पं. ब्रम्हदत्त शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

विगत कुछ वर्षों से तिथि भ्रम के कारण आम जनमानस में त्योहारों को मनाने का संशय हो जाता है,लोग पंडितों की राय जानना चाहते हैं, पूरे देश में चर्चाएं छिड़ जाती है, विगत दिनों काशी के विद्वत जनों एवं उज्जैन के आचार्यों का अभिमत आया था कि 20 अक्टूबर सोमवार को दीपावली महालक्ष्मी पूजन करना श्रेयस्कर होगा,क्योंकि प्रदोष और निशीथ काल इसी रात को मिल रहा है, दीपावली निशीथ काल का पर्व है, इस विषय में नगर के पं ब्रम्हदत्त शास्त्री ने स्पष्ट किया कि धर्मसिंधु, निर्णय सागर और व्रत परिचय में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि पहले दिन प्रदोष व्यापिनी अमावस्या हो और दूसरे दिन अमावस्या साढ़े तीन प्रहर तक हो तो दूसरे दिन की प्रतिपदा युक्त अमावस्या को ग्रहण करना चाहिए, इसे बड़ा शुभ संयोग माना गया है मंगलवार की अमावस्या मंगलकारी होती है, मंगलवार को सूर्योदय भी अमावस्या तिथि में हुआ है और सूर्यास्त जो कि शाम को 5.31 पर हो रहा है, तब भी अमावस्या है और यह उस दिन शाम को 5 बजकर 54 मिनट तक है लिहाजा पंडित जी ने जोर देकर कहा कि राजिम ,नवापारा सहित समूचे छत्तीसगढ़ में 21 अक्टूबर मंगलवार को ही दीपावली मनाई जाएगी। हमारे छत्तीसगढ़ के लब्धप्रतिष्ठित देव पंचांग जो कि राजधानी रायपुर से पिछले सवा सौ साल से प्रकाशित हो रहा है, उसमें भी मंगलवार को ही दीपावली मनाए जाने की बात लिखी है, पंचांग के अवलोकन से स्पष्ट है कि सोमवार को सूर्योदय चतुर्दशी तिथि में हो रहा है, जो कि शाम को 3 बजकर 45 मिनट तक है, विष्णुप्रिया महालक्ष्मी जी हैं और श्री हरि लक्ष्मी नारायण हैं, हम वैष्णव जन है, सूर्योदय की उदियात तिथि को महत्व देते हैं जो कि मंगलवार को है, मंगलवार को सूर्योदय सुबह 6.5 पर अमावस्या तिथि में हो रहा है, इसलिए हम लोग दीपावली 21 अक्टूबर को मनाएंगे, यही श्रेयस्कर होगा रायपुर के प्राचीन दूधाधारी मठ व राजिम के श्री राजीव लोचन मंदिर में भी 21 अक्टूबर को दीपावली लक्ष्मी पूजा करने का निर्णय हुआ है, शास्त्रों के अपने अपने तर्क हैं विचार हैं , लोग अपने गुरु के वाक्यों पर भी श्रद्धा रखते हैं गुरु आज्ञा के अनुसार नवापारा नगर का श्वेताम्बर जैन समाज आज सोमवार को लक्ष्मी पूजा कर रहा है, जबकि दिगम्बर समाज कल मंगलवार 21 अक्टूबर को दीपावली मनाएगा, शास्त्री जी ने कहा कि इस तरह की विचार भिन्नता विद्वानों के बीच होती ही है, इसमें संशय नहीं करना चाहिए सभी को अपने गुरु, शास्त्र और ग्रन्थ पर विश्वास करना चाहिए।



#### महालक्ष्मी पूजन का मुहूर्त

मंगलवार को सुबह 9.50 बजे से दोपहर 1.35 बजे तक कल कारखानों और मीलों में पूजा की जा सकती है और इसी समय में हमारे व्यापारी बंधु गद्दी पूजन भी कर सकते हैं दोपहर 3.05 बजे से 4.15 बजे तक लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त है, इसके बाद रात्रि 7.30 से 9बजे तक लाभ का चौघड़िया है, फिर रात्रि 10.30 से रात्रि 3 बजे तक मंगल मुहूर्त है, जो श्रद्धालु भक्त जन स्थिर लग्न को प्रधानता देते हैं वे दोपहर 3.45 बजे से लेकर शाम को 5 बजकर 17 मिनट तक स्थिर कुम्भ लग्न में लक्ष्मी पूजा कर सकते हैं रात्रि 9 बजे से 11 बजकर 13 मिनट तक वृषभ लग्न है ब्रम्हमुहूर्त में रात्रि 3.36 से 5.44 बजे तक स्थिर सिंह लग्न है, जो लक्ष्मी भक्तों के लिए विशेष फलदाई है।

### मैनपुर के नजदीक बीमार हाथी का विचरण, ईलाज की नहीं मिली अनुमति



मैनपुर। दल से बिछड़कर विचरण कर रहे एक बीमार हाथी 12 अक्टूबर को ग्राम तौरेंगा कोदोमाली में एक ग्रामीण जंगल सिंह को दर्दनाक मौत के घाट उतार दिया था यह बीमार हाथी अब मैनपुर के नजदीक ग्रामों में विचरण कर रहा है अचानक यह हाथी तौरेंगा वन परिक्षेत्र से मैनपुर वन परिक्षेत्र के जिड़ार, बुढ़ार, कोनारी, तुहामेटा, सिंहार होते हुए आज रविवार को फरसरा दबनई के पास पहुच गया है, बीमार होने के कारण इस हाथी को चारा खाना में परेशानी आ रही है कोमल मक्का और धान के बालियों को खा रहा है इसलिए गांव के नजदीक ही घुम रहा है यह हाथी कमजोर होने के साथ ही अब धीरे धीरे बीमार होने के कारण गुस्सैल नजर आ रहा है शनिवार को कुल्हाडीघाट मार्ग में जिड़ार के पास मैनपुर बाजार आ रहे लोगो को हाथी ने दौड़ाया तो लोगो ने मोटर सायकल छोड़कर भागे वही आज यह हाथी दबनई और फरसरा के पास दिनभर खेत में डेरा डाल दिया है।

## ग्राम बारुला में त्रिदिवसीय नाटक लीला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

दीपावली के शुभ अवसर पर ग्राम बारुला में त्रिदिवसीय कार्यक्रम आयोजन रखा गया है। जिसमें पुरानी परम्परा से चली आ रही नाटक लीला कार्यक्रम का विशेष आयोजन रखा गया है। जिसमें अपने किशोर अवस्था, युवा अवस्था अब 73 साल की उम्र में भी वहीं नाटक लीला कला का जज्बा दिखाने को है। इसमें सेवा निवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, किसान नाटक लीला की मंचीय प्रस्तुति से पहले रात्रि में अभ्यास चल रहा है। क्षेत्र का एक मात्र बारूला ग्राम में पौराणिक नाटकों और लीला कला की परंपरा आज भी मौजूद है, सरपंच बारूला सुकदेव साहू, इंदरमन साहू, घनश्याम गुरूजी ने बताया की 20 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से धनुष यज्ञ लीला, 22 अक्टूबर को कीचक वध नाटक लीला, 23 को को सारंगपुरी (धमतरी) का नाचा कार्यक्रम आयोजित है। सुकदेव साहू आगे कहा यह समय के साथ विकसित हुई है। बारूला में यह परंपरा लोकनाट्य और पारंपरिक लीला के रूप में जीवित है, जो पौराणिक, ऐतिहासिक और सामाजिक कहानियों को दर्शाती है, हालांकि इसका स्वरूप और प्रस्तुति पहले से भिन्न हो सकता है। परंपरा की निरंतरताः पं. त्रिभुवन मिश्रा बारूला वाले भगवताचार्य ने कहा की पौराणिक कथाओं पर आधारित नाटकों की परंपरा बहुत पुरानी है, जो वैदिक काल से ही चली आ रही है।





**लोक-संस्कारों और लोकजीवन से जुड़कर जीवित रखा-** पारंपरिक नाट्य शैलियाँ जैसे कि नौटंकी, रामलीला आदि आज भी प्रासंगिक हैं और बारूला के विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक अवसरों पर इनका मंचन होता है। कई पारंपरिक नाटक पौराणिक कथाओं पर आधारित होते हैं, जिन्हें लोक-संस्कारों और लोकजीवन से जुड़कर जीवित रखा गया है।

आधुनिक बदलावः आधुनिक युग में, पौराणिक नाटकों का स्वरूप बदला है और कई नए प्रकार के नाटक विकसित हुए हैं। उदाहरण के लिए, यूनानी नाटक ईडिपस रेक्स का रूपांतर /"राजा ईडिपस/" या /"आदिपश्य/" के रूप में किया गया, जिसमें पारंपरिक कीर्तन शैली का उपयोग किया गया। पारंपरिक नाटकों में लीला (जैसे रामलीला) और नौटंकी जैसी शैलियों को शामिल किया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों में प्रचलित हैं। ये नाटकों की परंपरा को जीवित रखने में यह कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन मसंरक्षक भीखमचंद साहू (पूर्व अपर कलेक्टर), अध्यक्ष - घनश्याम गुप्ता, उपाध्यक्ष - माखन लाल साहू, मैनेजर नेमूराम साहू, सचिव धनीराम साहू, संचालक इंद्रमन लाल साहू, सरपंच सुकदेव राम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष ईश्वर राम साहू, ग्रामीण सचिव कमलेश राम साहू, कोषाध्यक्ष झाड़ूराम साहू, सहयोगी पं. देवेन्द्र शर्मा, पं. लोकेश मिश्रा, शेषनारायण गुप्ता, प्रेमलाल निर्मलकर, हरिराम साहू शामिल हैं।

### मैनपुर के बाजार में दीपावली पर जोरदार भीड़

मैनपुर। दीपावली त्यौहार के कारण मैनपुर के बाज़ार में भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही किराना, बर्तन, कपड़ा, मिट्टी के दीये-कलश, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, सोना-चाँदी और फुटवियर की दुकानों में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। मैनपुर पूरे विकासखंड का सबसे बड़ा बाजार है और दीपावली पर्व से पहले बाज़ार लगने के कारण आज पटाखों की दुकानों में भी ज़बरदस्त भीड़ दिखाई दी। इस भीड़ को देखकर व्यापारियों के चेहरे खिले हुए नजर आए। इस बार धनतेरस पर भी अच्छी बिक्री दर्ज की गई। फ़िलिहाल, पटाखा, मिठाई, कपड़ा, सोने-चाँदी, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में जमकर खरीद-बिक्री हो रही है, जिससे स्पष्ट है कि दीपावली पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।



## राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल का जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के भंडार गृह निगम अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदुलाल साहू शुक्रवार को मैनपुर पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फुलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया। ज्ञात हो कि राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदुलाल साहू को अब केबिनेट मंत्री का भी दर्जा मिलने से कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए उन्हे बधाई दी। इस दौरान श्री साहू ने कहा भाजपा के सभी कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाने और राज्य तथा केन्द्र सरकार के योजनाओ को जन-जन पहुंचाने लगातार कार्य करें। उन्होने केन्द्र और राज्य सरकार के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओ के संबंध में कार्यकर्ताओं से चर्चा किया साथ ही उन्होने बताया की आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आज बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में सम्मेलन का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल संदेश को जन जन तक पहुंचाना है और स्थानीय उत्पादो व स्वदेशी उद्यमो को बढ़ावा देने का संकल्प लेना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल सरकार नहीं बल्कि हर भारतीय का संकल्प होना चाहिए। आजादी के अमृतकाल को स्थानीय कारीगरो किसानों व्यापारियों और व्यापारियों को सशक्त बनाकर भारत को विश्व गुरू बनाने का सुनहरा अवसर बताया। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू, भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव, जिला उपाध्यक्ष सरिता सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, तुलसी राठौर, सुधीर राजपूत, गोविंद नायक, यमराज ओटी, नरोत्तम साहू, रूपेश साहू, पुलस्त शर्मा एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



दीपावली में बड़ा जुआ के नाम से मशहूर है भेण्डरी

# भेण्डरी में जुए पर लगाम, ग्रामीण हुए सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम-भेण्डरी के नाम से प्रख्यात यह बड़ा गाँव दीपावली के दौरान जुए के लिए कुख्यात रहा है। दीपावली पर यहाँ लाखों रुपये का जुआ खेला जाता था और बड़ा फड़ लगता था, जिसमें आस-पास के तकरीबन 35 से 40 गाँवों के लोग जुआ खेलने पहुँचते थे। जुए का यह खेल रात 9 बजे से शुरू होकर सुबह तक चलता था, और फड़ में मदमस्त भीड़ रहती थी। इस बार, ग्रामीणों ने एक बड़ी बैठक की और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उनका गांव जुए के नाम से काफी बदनाम हो रहा है, इसलिए इस गलत काम पर पूरी तरह प्रतिबंध लगना चाहिए। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने न केवल इस पर सहमति जताई, बल्कि उन्होंने एसपी धमतरी और थाना मगरलोड व चौकी बड़ी करेली को बाकायदा लिखित में ज्ञापन भी भिजवाया। यह खबर जुआरियों तक पहुँची तो उनमें निराशा की भावना छा गई है। वे अब मंथन करने लगे हैं कि अब भेण्डरी के बजाय दीपावली में कहाँ खेलने जाएं।

**खड़खड़िया पर भी लगेगी रोक-** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भेण्डरी में लक्ष्मी पूजा की रात से दूसरे दिन की शाम तक जुआ और खड़खड़िया का खेल होता था। जानकारी यहाँ तक है कि गाँव की माताएँ और बहनें भी खड़खड़िया खेलने में रुचि रखती थीं। खास बात यह है कि इस साल ग्राम विकास समिति और ग्राम पंचायत भेण्डरी के पंच परमेश्वर ने विशेष बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलना, शराब पीना, और पीकर हुड़दंग करने पर विशेष दंडात्मक कार्रवाई किए जाने का फैसला किया है।

**अब होगा सांस्कृतिक आयोजन-** अब यहाँ जुए की जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, राउत नाचा, गौरी-गौरा नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता, एकल नृत्य और डांस आयोजित होगा, जिसमें गाँव के छोटे-बड़े सभी कलाकार, बड़े-बुजुर्ग और नवयुवक भाग ले सकते हैं। इस विशेष बैठक में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, संरक्षक प्रीतराम देवांगन, सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, उपसरपंच राधे पटेल, जनपद सदस्य विनीता-संतशरण साहू, कामता साहू, कोमल सिन्हा, माणसमणी देवांगन, निलेश साहू, शिव साहू, रोहित पटेल, साहू समाज के अध्यक्ष चंद्रहास साहू, शत्रुघ्न सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

#### ग्रामीणों ने लिया ऐतिहासिक फैसला



